भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029

****

फा.सं. 20/2/87-हिंदी
दिनांकः 06.09.2024

<u>अपील</u>

प्रिय सहयोगियों,

हिंदी दिवस के पावन अवसर पर मेरी ओर से आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं !

संघ की राजभाषा नीति प्रेरणा, प्रोत्साहन और सद्भावना पर आधारित होने के कारण आप सभी से मेरी यह अपील है कि एक उत्साहवर्धक वातावरण सृजित करते हुए आप सभी अपने अधीनस्थ अधिकारियों को मूल कार्य हिंदी में करने के लिए प्रेरित करें।

2. **राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने कहा था- " राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की एकता और उन्नति के लिए आवश्यक है। "** यह भी सर्वविदित है कि राष्ट्र निर्माण में हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आज हिंदी का महत्व जनभाषा, संपर्क भाषा, राजभाषा और वैश्विक भाषा के रूप में बढ़ रहा है।

3. **हिंदी एक वैज्ञानिक, व्यापक, समृद्ध, सशक्त और जीवंत भाषा है,** इसमें कार्य करना बहुत ही सरल है। मैं, परिषद के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आग्रह करता हूँ कि वे अपना दैनिक समस्त सरकारी काम-काज अधिकतम राजभाषा हिंदी में ही करें।

4. **मैं, अपील करता हूँ** कि राजभाषा हिंदी से संबंधित अनुदेशों का अनुपालन उसी प्रकार दृढ़तापूर्वक किया जाना चाहिए, जिस प्रकार अन्य सरकारी अनुदेशों का अनुपालन किया जाता है। हम सभी को संविधान के प्रति निष्ठावान होना चाहिए।

हिंदी दिवस के इस शुभ अवसर पर हम यह दृढ़ संकल्प लें कि हम सभी सांविधिक प्रावधानों का अनुपालन करते हुए अपना अधिकाधिक कार्य पूरे उत्साह, लगन और गर्व के साथ राजभाषा हिंदी में करेंगे।

मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि हमारे सामूहिक, सार्थक एवं सतत् प्रयासों से हम अपना लक्ष्य अवश्य प्राप्त करेंगे और परिषद में हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं प्रयोग को नया आयाम देंगे।

राजीव बहल

सचिव एवं महानिदेशक

<u>वितरणः</u>

1. महानिदेशक कार्यालय 2. अपर महानिदेशक कार्यालय
3. वरि. उप महानिदेशक (प्रशा.) कार्यालय 4. वरि. वित्त सलाहकार कार्यालय
5. परिषद मुख्यालय के सभी प्रभाग प्रमुख
6. परिषद के सभी स्थाई संस्थान/केन्द्र- **सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु**
7. मुख्यालय के सभी प्रभाग/अनुभाग 8. परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु
9. निदेशक (रा.भा.), स्वा. एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली - सूचनार्थ

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

ICMR
INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH
Serving the nation since 1911

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

फा.संख्या: 20/2/87-हिंदी

दिनांक: 03.09.2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय:- दिनांक 14 से 30 सितंबर, 2024 तक हिंदी पखवाड़ा/हिंदी दिवस का आयोजन।

भारत सरकार, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के आदेशानुसार परिषद के सभी संस्थानों/केन्द्रों में हिंदी माह/हिंदी पखवाड़ा पूरे उत्साह से मनाया जाना अपेक्षित है। इस दौरान सभी अधिकारियों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जाए कि वे केवल अनुवाद पर निर्भर न रहकर अपना अधिक से अधिक कामकाज मूल से राजभाषा हिंदी में करें। इस अवधि में राजभाषा को बढ़ावा देने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाए।

परिषद मुख्यालय तथा इसके संस्थानों/केन्द्रों में मूल कार्य हिंदी में करने के संबंध में सचिव, भारत सरकार एवं महानिदेशक, आईसीएमआर द्वारा की गई अपील का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए (प्रति संलग्न है)।

अत: परिषद के सभी संस्थानों/केन्द्रों से अनुरोध है कि उनके द्वारा दिनांक 14 से 30 सितंबर, 2024 तक राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार, प्रगति, संवर्द्धन और प्रगामी प्रयोग के लिए हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाए और परिषद मुख्यालय को रिपोर्ट प्रेषित की जाए।

जगदीश राजेश

सहा. महानिदेशक (प्रशा.)

अनुलग्नक: यथोक्त

सेवा में,

निदेशक/प्रभारी निदेशक,

परिषद के सभी स्थाई संस्थान/केन्द्र,

प्रतिलिपि : बीएमआई प्रभाग- परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।